सार-समाचार

128 मरीजों के आंखों का ऑपरेशन



शाहपुरा। पीएमओ शाहपुरा डॉ विनोद योगी ने बताया की एवं अंधता निवारण समिति के सहयोग से उपजिला अस्पताल शाहपुरा मे आँखों के मरीजों का लेंस प्रत्यारोप शिविर संपन्न हुआ। इसमें 121 मरीजो को लेंस प्रत्यारोपण एवं 7 मरीजों का टेरेजियम का सफल ऑपरेशन हुआ। ट्रस्ट के अध्यक्ष भगवान दास दुसाद, राकेश शर्मा, महेश शर्मा ने बताया कि भ्रमणशील शल्य चिकित्सा ईकाई राजस्थान जयपुर जिला अंधता नियंत्रण सोसायटी जयपुर, बैजनाथ दामोदरी देवी दुसाद चैरिटेबल सोसायटी एवं मेडिकल रिलीफ सोसायटी उप जिला चिकित्सालय शाहपुरा जयपुर द्वारा वरिष्ठ नेत्र चिकित्सक डॉ. पूनम गुप्ता, डॉक्टर सिद्धेश गर्ग, डॉक्टर गोपेश, डॉ. नेहा पारीक, डॉ. विकास आदि डॉक्टरों द्वारा नि:शुल्क नेत्र लैंस प्रत्यारोपण किया गया जिसमें 140 मरीज का लैंस प्रत्यारोपण के लिए पंजीकृत किया गया। बैजनाथ दामोदरी देवी दुसाद चैरिटेबल सोसायटी के अध्यक्ष भगवानदास दुसाद, उपाध्यक्ष शंभू दयाल गुप्ता, सचिव राम प्रकाश खंडेलवाल, पल्लव गुप्ता, सोसायटी सदस्य राकेश शर्मा, महेश गुप्ता, रामकिशन शर्मा, महेश शर्मा पीयूष परासर, आदि ट्रस्ट के सदस्य उपस्थित रहे।

लीलगर समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन आज

जयपुर। शेखावाटी लीलगर समाज खिदमतगार समिति जयपुर की ओर से 29 नवम्बर को सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। शेखावाटी लीलगर समाज खिदमतगार समिति के इस्लाम जी काम वाले ने बताया कि सम्मेलन की अध्यक्षता चांद जी ऐलानाबाद करेंगे। उन्होंने बताया कि सम्मेलन में 58 जोड़ों को विवाह होगा। इस्लाम जी काम वाले ने बताया कि यह सम्मेलन 29 नवंबर को करबला मैदान रामगढ़ रोड पर आयोजित होगा। उन्होंने बताया कि सम्मेलन की तैयारियां काफी दिनों से की जा रही है। इस सम्मेलन की तैयारियों के सिलसिले में पूर्व में बैठक की समिति सदस्यों ने रुपरेखा भी तैयार की। सम्मेलन में आवश्यक रुप से सुविधाएं भी उपलब्ध करवाई जायेगी। सम्मेलन के आसपास साफ सफाई का भी विशेष रुप से ध्यान रखा जायेगा।

यातायात नियमों के उल्लंखन के खिलाफ विशेष अभियान

टोंक। जिला पुलिस अधीक्षक रोशन मीणा के निर्देशन में चलाये जा हरे विशेष अभियान ऑपरेशन अनामिका अंकुश के तहत यातायात पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुए शहर में घुम रही 25 ब्लैक फिल्म चौपाई वाहनों से फिल्म हटवाई जाकर चालान काटे तथा वही 4 मोडीफॉईड मोटरसाईकिलो जो तेज बम बनाने और कान फोडू आवाज निकालने वाले होते है, जिनको पुलिस ने संघन अभियान चलाकर जप्त कर उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही की गई है। इस दौरान पुसिल ने सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों की पालना एवं कानून के प्रति सम्मान करने हेतु अपील की गई। इस मौके पर उन्होने बताया कि अपने यातायात में प्रतिकूल संशोधन नहीं करवाएं, निर्धारित मानकों के अनुरूप नंबर प्लेट का उपयोग करें तथा यातायात नियमों का पालन कर सुरक्षित एवं सुखद वातावरण बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें।

जूली के जन्मदिन पर रक्तदान शिविर व स्नेह मिलन समारोह

अलवर। राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं अलवर ग्रामीण विधायक टीकाराम जूली के 46वें जन्मदिवस पर सोमवार, 30 नवंबर को अलवर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर टीकाराम जूली फैंस क्लब की ओर से शहर के जय कृष्ण क्लब में विशाल रक्तदान शिविर एवं स्नेह मिलन समारोह का आयोजन होगा। कार्यक्रम को लेकर समर्थकों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह है। जन्मदिवस समारोह को सामाजिक सरोकारों से जोड़ते हुए रक्तदान शिविर आयोजित किया जा रहा है। इसके माध्यम से युवाओं और आमजन को रक्तदान के लिए प्रेरित किया जाएगा, ताकि जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध हो सके। शिविर में बड़ी संख्या में युवाओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं और जूली समर्थकों के भाग लेने की उम्मीद है। वहीं, स्नेह मिलन समारोह में कांग्रेस कार्यकर्ता, विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, प्रबुद्धजन और शुभचिंतक शामिल होकर टीकाराम जूली को जन्मदिन की शुभकामनाएं देंगे। आयोजन का उद्देश्य कार्यकर्ताओं और समर्थकों के बीच आपसी संवाद एवं आत्मीयता को मजबूत करना भी है। टीकाराम जूली के जन्मदिवस पर अलवर सहित प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में भी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जय कृष्ण क्लब में होने वाले समारोह की तैयारियां टीकाराम जूली फैंस क्लब की ओर से की जा रही हैं।

सफाई और पार्क निर्माण को लेकर एसडीएम ने मांगी रिपोर्ट

फुलेरा। शहीद मेजर दलपत सिंह (हाइफा हीरो) की स्मृति को संजोने तथा उनके स्मारक स्थल के विकास को लेकर प्रशासन ने गंभीरता दिखाई है। उपखंड अधिकारी एवं उपखंड मजिस्ट्रेट सांभरलेक ने नगर पालिका अधिकारी फुलेरा को स्मारक स्थल की साफ-सफाई, सड़क निर्माण का मलबा हटवाने, मूर्ति स्थापना एवं पार्क निर्माण की वर्तमान स्थिति को लेकर तथ्यात्मक रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। उपखंड अधिकारी कार्यालय की ओर से जारी पत्र में अखिल राजस्थान रावणा राजपूत समाज फुलेरा के प्रतिनिधि गोविंद सिंह बड़गुर्जर की ओर से प्रस्तुत परिवाद का हवाला दिया गया है।

चौमूं पंचायत समिति में भाजपा का बोर्ड बनने पर रामगोपाल मीणा, माया अर्जुन का अभिनंदन

चौमूं / कालाडेरा। पंचायत समिति चौमूं में भारतीय जनता पार्टी का बोर्ड बनने के उपलक्ष्य में शनिवार को नगर परिषद चौमूं के सामने भव्य अभिनंदन एवं जन आभार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश मुख्य प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने नवनिर्वाचित प्रधान रामगोपाल मीणा, उप प्रधान माया अर्जुन यादव सहित जिला परिषद एवं पंचायत समिति के सभी नवनिर्वाचित सदस्यों का दुपट्टा व माला पहनाकर स्वागत किया और जीत की शुभकामनाएं दीं। इससे पूर्व, नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों के नगर परिषद चौमूं पहुंचने पर कार्यकर्ताओं और आमजन द्वारा ढोल-नगाड़ों व आतिशबाजी के साथ जोरदार स्वागत किया गया। जनता का विश्वास ही हमारी सबसे बड़ी ताकत: रामलाल शर्मा। समारोह को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश मुख्य प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने क्षेत्र की जनता और कार्यकर्ताओं का आभार जताया।

उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र चौमूं की जनता ने दो नगर निकाय और एक पंचायत समिति में भाजपा को विजयी बनाकर 75 प्रतिशत तक अपना आशीर्वाद प्रदान किया है। उन्होंने कहा कि चुनाव में भाजपा प्रत्याशी के रूप में मैदान में उतरने वाला प्रत्येक कार्यकर्ता हमारे लिए विजयी है और उनके सुझावों के अनुरूप सभी वार्डों में समान रूप से विकास कार्य करवाए जाएंगे। शर्मा ने पंचायत समिति में भाजपा का बोर्ड बनाने के लिए कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत और चुनाव प्रभारियों के कुशल प्रबंधन के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यकर्ताओं के काम को मिलेगी प्राथमिकता: प्रधान रामगोपाल मीणा। मंच पर पहुंचते ही नवनिर्वाचित प्रधान रामगोपाल मीणा ने नतमस्तक होकर जनता-जनार्दन और भाजपा कार्यकर्ताओं का अभिवादन किया। उन्होंने भाजपा शीर्ष नेतृत्व और पूर्व विधायक रामलाल शर्मा का आभार व्यक्त करते हुए विश्वास दिलाया कि पंचायत समिति चौमूं के सभी 25 वार्डों में समान रूप से विकास कार्य करवाए जाएंगे और कार्यकर्ताओं के जनहित से जुड़े कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। इस अवसर पर नगर परिषद सभापति आशीष दुसाद, उप सभापति बाबूलाल सैनी, पूर्व प्रधान रामस्वरूप यादव, बांसा मण्डल अध्यक्ष शंकर लाल गागोरिया, कालाडेरा मण्डल अध्यक्ष लालचंद यादव, गोविंदगढ़ मण्डल अध्यक्ष जितेन्द्र सिंह, दिनेश गोरा, अर्जुन लाल यादव, जिला परिषद सदस्य लक्ष्मण कुमार शर्मा, अरविंद यादव व जयप्रकाश चौधरी, पंचायत समिति सदस्य सुशीला जाट, बाबूलाल यादव, ओमप्रकाश दुसाद , सुभाष बुनकर, कैलाश यादव, राजू देवी रामलाल चोपड़ा, सांवरमल जाट, प्रकाश हाटवाल, रानू दीपेन्द्र कुमावत, सोहनी देवी सीताराम मेहता, पंकज कुमार नागर, आंची देवी सुभाष यादव, संतरा मुकेश रोज, अनिल निठारवाल, संतोष मुकेश यादव, उर्मिला रमेश कुमावत, जितेन्द्र कुमार शर्मा, खांगाराम यादव समेत बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, मंडल कार्यकर्ता और ग्रामवासी उपस्थित रहे।



शनिवार को नगर परिषद चौमूं के सामने भव्य अभिनंदन एवं जन आभार कार्यक्रम का आयोजन

- विधानसभा क्षेत्र की जनता ने 2 नगर निकाय और पंचायत समिति जिताकर भाजपा को 75 प्रतिशत आशीर्वाद दिया: रामलाल शर्मा।
- सभी 25 वार्डों में बिना किसी भेदभाव के समान रूप से करवाए जाएंगे विकास कार्य: प्रधान रामगोपाल मीणा

बाल विवाह रोकथाम को लेकर कैंडल मार्च निकाला

निवाई। सिकोईडिकोन संस्था द्वारा जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन के सहयोग से जिला प्रशासन, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं बाल अधिकारिता विभाग व एसोसिएशन फॉर वॉलंटरी

- नुक्कड़ नाटक का प्रभावी मंचन किया

एक्शन के समन्वय से अंतरराष्ट्रीय दिवस को लेकर जिले में विभिन्न जागरूकता एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। इस दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव दिनेश कुमार जलथुरिया की अध्यक्षता में मुख्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। सचिव एवं हांडीकलां सरपंच निसार अहमद ने महिलाओं के नेतृत्व में आयोजित जागरूकता कैंडल मार्च को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके साथ ही बाल विवाह रोकथाम के विषय पर नुक्कड़ नाटक का प्रभावी मंचन भी किया गया। कैंडल मार्च व नुक्कड़ नाटक में कई महिलाओं, युवाओं, बच्चों एवं ग्रामीणों ने भाग लेकर बाल विवाह के खिलाफ एकजुटता दिखाई और इस सामाजिक कुरीति को समाप्त करने की शपथ ली। सचिव जलथुरिया, बाल अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक नवल खान के विशेष सहयोग एवं मार्गदर्शन में किया गया कार्यक्रम में सिकोईडिकोन संस्था से किरण शर्मा, व चाइल्ड लाइन से राहुल गजरा सहित अन्य ने सक्रिय सहभागिता की।



सिकोईडिकोन संस्था द्वारा जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन के सहयोग से कैंडल मार्च निकाला।

टोंक में मिनी मैराथन आज

टोंक। जिला मुख्यालय स्थित मदरलैंड चिल्ड्रन एकेडमी द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं जन-जागरूकता के उद्देश्य से 5 किलोमीटर की मिनी मैराथन का आयोजन आज किया जायेगा। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य आमजन को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना तथा प्रकृति संरक्षण के महत्व को जन-जन तक पहुंचाना है। यह मिनी मैराथन प्रात: 6 बजे कलेक्टर कार्यालय से का शुभारंभ होकर घंटाघर एवं बड़ा कुआं होते हुए मदरलैंड एजुकेशन सोसाइटी भवन तक पहुंचेंगे, जहां मैराथन का समापन होगा। इस सामाजिक पहल के माध्यम से शहरवासियों को पर्यावरण बचाओ, जीवन बचाओ का संदेश दिया जाएगा। मदरलैंड चिल्ड्रन एकेडमी की ओर से शहर के सभी नागरिकों, युवाओं, विद्यार्थियों, सामाजिक संगठनों एवं पर्यावरण प्रेमियों से अपील की गई है कि वे इस मिनी मैराथन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और इस नेक सामाजिक अभियान को अपना समर्थन एवं सहयोग प्रदान करें। आयोजकों का मानना है कि इस तरह के सामूहिक प्रयासों से पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ेगी।

किशनगढ़ बास प्रधान के बाद उप प्रधान पर भी महिला का कब्जा

किशनगढ़ बास। पंचायत समिति किशनगढ़ बास में अब सत्ता पूरी तरह महिलाओं के हाथ में है। शुक्रवार को प्रधान पद पर कांग्रेस की सकुनत के निर्विरोध चुने जाने के बाद शनिवार को उप प्रधान के चुनाव में भी कांग्रेस की

- किशनगढ़ बास पंचायत समिति अब महिलाओं के हाथ

सावित्री देवी ने जीत हासिल कर ली। उन्होंने भाजपा के टिकेश कुमार को 5 वोटों से हराकर उप प्रधान की कुर्सी पर कब्जा कर लिया।

निर्वाचन अधिकारी एसडीएम सत्यवीर सिंह यादव ने सावित्री देवी को विजयी घोषित किया।अब प्रधान और उप प्रधान दोनों कुर्सियों पर महिलाएं हैं। कांग्रेस खेमे में जश्न का माहौल है। वार्ड नंबर 2 से पंचायत समिति सदस्य का चुनाव जीतीं सावित्री देवी पर कांग्रेस ने भरोसा जताया और उन्हें उप प्रधान पद के लिए प्रत्याशी बनाया। दूसरी तरफ भाजपा से टिकेश कुमार ने पर्चा दाखिल किया।चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी को 12 मत मिले और भाजपा प्रत्याशी को केवल 7 वोट प्राप्त हुए। इस तरह सावित्री देवी ने 5 वोटों के अंतर से जीत दर्ज की। मतदान के बाद जैसे ही नतीजा घोषित हुआ, समर्थकों ने ढोल-नगाड़ों के साथ जश्न मनाया।



किशनगढ़ बास में अब सत्ता पूरी तरह महिलाओं के हाथ में है।

विरोध प्रदर्शन

दौसा (निसं.)। दौसा जिला अस्पताल में कार्यरत संविदा राजमेस नर्सिंग ऑफिसर्स ने मानदेय में भारी कटौती के विरोध में शनिवार काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया।

भरतपुर जिले की सातों पंचायत समितियों में उप प्रधान निर्विरोध बने

भरतपुर (निसं)। पंचायतीराज चुनाव 2026 के तहत भरतपुर जिले की सात पंचायत समितियों में उप प्रधान पद के चुनाव संपन्न हो गए। सभी सातों पंचायत समितियों में उप प्रधान निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। इनमें भाजपा समर्थित पांच और कांग्रेस के दो प्रत्याशियों ने जीत दर्ज की है। निर्विरोध निर्वाचन के बाद समर्थकों ने नवनिर्वाचित उप प्रधानों का स्वागत कर खुशी जाहिर की। निर्वाचन परिणामों के अनुसार सेवर पंचायत समिति से सुनीता सिंह फौजदार, उच्चौन से जॉली यशपाल, बयाना से गुड़िया कुमारी, नदबई से पिंकी जाटव तथा रूपवास से खजान सिंह निर्विरोध उप प्रधान निर्वाचित हुए हैं। वहीं वैर पंचायत समिति से मीरा मीणा और भुसावर से सीमा बाई गुर्जर ने निर्विरोध जीत हासिल की है।

बयाना पंचायत समिति में उप प्रधान पद पर गुड़िया कुमारी निर्विरोध निर्वाचित हुईं। शनिवार को सुबह 11 बजे तक उनके सामने किसी अन्य प्रत्याशी ने नामांकन दाखिल नहीं किया। निर्वाचन प्रक्रिया पूरी होने के बाद उन्हें जीत का प्रमाण पत्र सौंपा गया। गौरतलब है कि गुड़िया कुमारी वार्ड नंबर 6 बिड़यारी से कांग्रेस के टिकट पर पंचायत समिति सदस्य चुनी गई थीं, लेकिन उप प्रधान के चुनाव में भाजपा ने उन्हें अपना प्रत्याशी बनाया और समर्थन दिया। बताया जा रहा है कि वह कांग्रेस के पूर्व विधायक अमर सिंह जाटव की बेटी हैं। निर्विरोध निर्वाचित होने के बाद गुड़िया कुमारी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान करवाना उनकी जिम्मेदारी होगी। प्रधान के साथ मिलकर गांवों में सड़क, पानी और अन्य मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने के प्रयास किए जाएंगे।



भरतपुर जिले की सात पंचायत समितियों में उप प्रधान पद के चुनाव संपन्न हो गए।

- भाजपा के पांच और कांग्रेस के दो प्रत्याशियों ने हासिल की जीत
- बयाना में कांग्रेस से जीतीं गुड़िया कुमारी भाजपा के समर्थन से बनीं उप प्रधान, सेवर में सुनीता सिंह फौजदार निर्विरोध चुनी गईं''

अर्धवार्षिक परीक्षाओं के बीच डीजे का शोर

पावटा। जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बेलगाम डीजे का शोर आमजन के लिए परेशानी का सबब बनता जा रहा है। एक ओर क्षेत्र में बच्चों की अर्धवार्षिक परीक्षाएं चल रही हैं, वहीं दूसरी ओर देर रात तक तेज आवाज में डीजे बजाकर नियमों और प्रशासनिक आदेशों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं।

राजस्थान आवासन मण्डल- वृत तृतीय
जे.एल.एन. मार्ग, जवाहर सर्किल के पास, जयपुर
क्रमांक 3874 फोन- 0141-4901853 दिनांक 27/11/2026
-: आम जाहिर सूचना :-
राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर द्वारा कार्यालय आदेश क्रमांक 3335 दिनांक 30/07/2012 जारी कर फ्लैट संख्या 2/360 (जी.एफ.) जवाहर नगर, जयपुर, क्षेत्रफल 87.99 वर्ग मीटर का हस्तान्तरण संयुक्त रूप से श्रीमती राज भाटिया एवं श्री किशन लाल भाटिया के पक्ष में किया गया था।
तत्पश्चात श्री किशन लाल भाटिया पुत्र श्री नारायण दास एवं श्रीमती राज भाटिया पत्नी श्री किशन लाल भाटिया के द्वारा उक्त फ्लैट का बेचान जरिये विक्रय पत्र के श्री कमल कुमार परनामी पुत्र श्री चिमन लाल परनामी को कर, विक्रय पत्र का निष्पादन कार्यालय उपखंडीयक जयपुर- प्रथम में दिनांक 10/09/2012 को करवाया गया।
तत्पश्चात श्री कमल कुमार परनामी पुत्र श्री चिमन लाल परनामी के द्वारा उक्त फ्लैट का बेचान जरिये विक्रय पत्र श्री गोवर्धन प्रसाद सिंघल पुत्र श्री किशन सिंघल को कर दिया गया। उक्त विक्रय पत्र का निष्पादन कार्यालय उपखंडीयक जयपुर- प्रथम में दिनांक 18/02/2013 को करवाया गया।
श्री गोवर्धन प्रसाद सिंघल पुत्र श्री किशन सिंघल के द्वारा फ्लैट का मूल आवंटी के नाम पंजीयन हो जाने के बाद पश्चातवर्ती अंतिम क्रेता का नाम मण्डल अभिलेख में दर्ज करने बाबत निवेदन किया गया है। अत: नाम दर्ज करने के संबंध में किसी भी व्यक्ति/ बैंक/ संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त आवेदनकर्ता श्री गोवर्धन प्रसाद सिंघल पुत्र श्री किशन सिंघल का नाम मण्डल रिकार्ड में दर्ज कर दिया जायेगा।
सम्पदा प्रबंधक, राज. आवा. मण्डल, वृत तृतीय, जयपुर

उत्तर पश्चिम रेलवे
ई-निविदा सूचना
मंडल रेल प्रबंधक, उत्तर पश्चिम रेलवे बीकानेर भारत के राष्ट्रपति की ओर से इच्छुक ठेकेदारों से निम्न लिखित कार्य के लिए दर्शायी गयी तिथि में सील की गई खुली निविदा आमंत्रित करते है। **निविदा संख्या** : एस.एण्ड.टी/बी.के.एन–2026–27–37 **कार्य का नाम व स्थान** : बीकानेर मंडल के रेवाड़ी–सादुलपुर और हिसार–बठिंडा सेक्शनों में विभिन्न स्थानों पर DIADO–टाइप ब्लॉक इंस्ट्रूमेंट के स्थान पर SS-BPAC ब्लॉक इंस्ट्रूमेंट लगाने के लिए, EI में बदलाव के साथ SS&BPAC ब्लॉक इंस्ट्रूमेंट का प्रावधान। **अनुमानित लागत मूल्य रू.** : 62359341.52 **Bid Security** : 1247200.00 **निविदा प्रस्तुत करने की तिथि व समय** : 21.12.26 को 15.00 बजे तक **वेब साइट जहाँ निविदा का पूरा विवरण देखा व डाऊनलोड किया जा सकता है।** : www.ireps.gov.in **1696-DI/26**
हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

आम सूचना हर खास व आम को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाव्य दातार सिंह पुत्र स्व. इन्द्र सिंह निवासी- मकान नं. 5, श्रीराम कॉलोनी, रामनगर, सोढाला, जयपुर के एकल कब्जे व अधिकार की संपत्ति म. नं. 5, श्रीराम कॉलोनी के दो फर्जी व अवैध विक्रय पत्र कल्ला खान पुत्र शमी खान नि0- सोमसी खेखावाली, तह. नगर जिला भरतपुर एवं संजय पुत्र दयाराम नि0- नगला मतवा, तह0 कठूमर, जिला अलवर पिन-321605 राजस्थान ने करवा लिये थे। जो कि मेरे अभिभाव्य के हितों के विरुद्ध प्रारम्भ से ही शून्य हैं। जिनके संबंध में दीवानी वाद सं. 522/2025 न्यायालय अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश कम-6, जयपुर महा0 प्रथम के समक्ष विचाराधीन है। जिसमें स्टे आदेश जारी एवं प्रभावी है। दौरानें विचारण ही कल्ला खान एवं संजय ने दुर्भावनापूर्वक उक्त वर्णित संपत्ति प्लॉट सं. 5, श्रीराम कॉलोनी का बेईमानीपूर्वक हस्तान्तरण, जौतरास पुत्र बच्चू सिंह नि0 वार्ड नं. 17, गुर्जर मौहल्ला पहाड़ी, तह0 कठूमर को दिनांक 29-07-2025 को कर दिया। जब मूल विक्रय पत्र ही अण्डर चैलेन्ज है तो उसके आधार पर किया गया आक्षेपित विक्रय पत्र दिनांकित 29-07-2025 भी मेरे अभिभाव्य के हितों के विरुद्ध प्रारम्भ से ही शून्य, बातिल व बेअसर है। सर्वसाधारण को आगाह किया जाता है कि जौतराम पुत्र बच्चू सिंह से किसी भी प्रकार की खरीद-फरोख्त, अथवा संव्यवहार, उक्त प्लॉट सं. 5, श्रीराम कॉलोनी, रामनगर, सोढ़ाला जयपुर के संबंध मे नही करें। अन्यथा वह स्वयं जिम्मेदार रहेगा। सूचित रहें।
जयपुर (चन्द्रशेखर दाधीच) एडवोकेट
दिनांक-28.11.2026 मो.-9828598122

(उद्घोषणा इश्तहार) न्यायालय न्यायालय जिला 1 सांभर लेक
व्यवहार मिश्रित (मुतफरिक कैलाशचन्द V/s आम जनता
विषय- उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना-पत्र।
प्रार्थी का नाम कैलाशचन्द बावरिया पुत्र सुण्डाराम बावरिया जाति.... निवासी तेज्या का बास P.S. सांभरलेक तह.फुलेरा
मृतक ताराचन्द बावरिया पुत्र कैलाश बावरिया की सम्पत्ति के विषय में।
पेशी दिनांक-.....
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त प्रार्थी/प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक, नाम ताराचन्द बावरिया का उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन, प्रदान किया जावें।
अतः उक्त प्रार्थना-पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 14 माह 12 सन् 2026 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।
आज दिनांक 25 माह 11 सन् 2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया।
आज्ञा से
अपर जिला एवं सैशन न्यायालय संख्या 1 सांभरलेक जिला जयपुर
मोहर अदालत

उत्तर पश्चिम रेलवे
खुली ई-निविदा सूचना
मण्डल रेल प्रबन्धक इन्जीनियरिंग उत्तर पश्चिम रेलवे जयपुर के द्वारा भारत संघ के राष्ट्रपति एवम् उनकी ओर से ई–निविदा के माध्यम से प्रचलित नियमों के अनुसार निर्धारित प्रपत्रों में निविदा निम्न कार्यों के लिए कमानुसार आमंत्रित की जाती है। **क्र. सं.** : 1. **निविदा संख्या/कार्य का नाम** : निविदा सं.–ई.–जेपी–2026–27–133 सहायक मण्डल फुलेरा–उप मण्डल के अधिकार क्षेत्र मे विविध ट्रैक कार्य **अनुमानित लागत** : 34275868.71 **बिड प्रतिभूति राशि** : 685500 **क्र. सं.** : 2. **निविदा संख्या/कार्य का नाम** : निविदा सं.–ई. जेपी–2026–27–137 सहायक मण्डल/लाईन/जयपुर–उप मण्डल के चाकसु–सवाईमाधोपुर सेक्शन के विभिन्न प्रमुख महत्वपुर्ण पुलो पर पत्थर कि पिचिंग (Stone) (Stone Pitching work) का कार्य और उससे जुडे अन्य कार्य करने का प्रावधान **अनुमानित लागत** : 34877533.40 **बिड प्रतिभूति राशि** : 697600 **1.** उपरोक्त निविदाओं का पूर्ण विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। नोटिस बोर्ड–मण्डल रेल प्रबन्धक (निर्माण लेखा) उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर के कार्यालय में देखी जा सकती है। **2.** निविदा संख्या इंजी./जय/2026–27/133 एवं 137 की बन्द होने की तिथि–16.12.2026 समय 15.00 बजे एवं खुलने की तिथी **16.12.2026** समय 16.00 बजे। **1691-DI/26**
हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

कार्यालय उपायुक्त सिविल लाईन जोन, नगर निगम जयपुर
क्रमांक- एफ-18 () सि.ला.जो./जय./नगिम/2026/2666 दिनांक: 27.11.2026
अनापत्ति आमंत्रण सूचना
भूखण्ड संख्या एच-38 मजदूर नगर जयपुर को 109.89 वर्गगज गज का नगर निगम जयपुर द्वारा दिनांक 23.02.2014 को श्रीमती अज्जमा पत्नी श्री बट्टीसिंह को पट्टा जारी किया गया था। तत्पश्चात मूल पट्टा धारक ने दिनांक 08.08.2023 को जरिये रजिस्ट्रेड वसीयत द्वारा सुश्री बीना कुमारी सोलंकी पुत्री श्री बट्टीसिंह के हक में की गयी। आवेदक द्वारा पंजीकृत वसीयत के आधार पर नाम हस्तांतरण चाहा गया है। उक्त नाम हस्तांतरण में किसी संस्था, फर्म, कम्पनी व किसी भी व्यक्ति को इस नाम हस्तानान्तरण बाबत् आपत्ति है तो आपत्ति के प्रकाशन तिथि से 07 दिवस के भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेंगे।
नियत समय के भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा की किसी व्यक्ति संस्था फर्म को कोई आक्षेप नहीं है। और मामले का तदनुसार निपटारा किया जायेगा।
उपायुक्त, सिविल लाईन जोन, नगर निगम जयपुर

खोया पाया
मैं, गौरव जैन, निदेशक, YELLO WINGS CREATORS PRIVATE LIMITED, JAIPUR सूचित करता हूँ कि कंपनी के मूल वैधानिक एवं निगमन संबंधी दस्तावेजों की फाइल/बैग दिनांक 21.11.2026 को जयपुर में कहीं गुम हो गया है। काफी तलाश के बावजूद नहीं मिला। मिलने पर कृपया मोबाइल नंबर 8766643376 पर सूचित करें।

नाम परिवर्तन
मैंने अपना नाम बुली से बदलकर फुली रख लिया है। भविष्य में मुझे फुली पत्नी श्री राम सहाय निवासी 77ए, मीनापाडा, पुरानी बस्ती, जयपुर के नाम से जाना जावे।
मैं नेहा सिंह पुत्री श्री दिलीप सिंह सोढा निवासी- पी-31-A, मिशन कम्पाउण्ड, जयपुर (राजस्थान) मैंने अपने पुत्र का नाम Orhan से बदलकर Orhan Singh रख लिया है। भविष्य में इसे Orhan Singh के नाम से जाना जाए।
I, SHIVAJI father of JC-461964Y Rank SUB Name PAWAR SAJJANRAO SHIVAJI present unit-8 MARATHA LI residing at Chavan Vasti, Vill &Post Dafalapur, Teh- Jath, Dist- Sangli, State- Maharashtra, Pin-416402, have changed my Name from SHIVAJI to SHIVAJI PARASHRAM PAWAR vide affidavit dated 27.11.2026. Notary, Jaipur (Raj).
I, KUSUM Mother of JC-461964Y Rank SUB Name PAWAR SAJJANRAO SHIVAJI present unit-8 MARATHA LI residing at Chavan Vasti, Vill &Post Dafalapur, Teh- Jath, Dist- Sangli, State- Maharashtra, Pin-416402, have changed my Name from KUSUM to KUSUM SHIVAJI PAWAR vide affidavit dated 27.11.2026 Notary, Jaipur (Raj).

राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर
कार्यालय विश्वविद्यालय अभियन्ता
निविदा सूचना संख्या 11/2026-27
राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर में विभिन्न कार्यों के लिये राजकीय/अर्द्ध–राजकीय विभागों के सक्षम श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से विभिन्न कार्यों की कुल संख्या 01 हेतु **कुल राशि रुपये 4.49 लाख** की सील बन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। कार्य की अनुमानित लागत, निविदा देने एवं प्राप्त करने की दिनांक, समय, एवं शर्तें आदि सम्पूर्ण विवरण की जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाईट **www.uniraj.ac.in एवं http://sppp.raj.nic.in** पर उपलब्ध है, जिनका यूबीएन नम्बर **URA2627WSOB00112 NIB: URA2627A0047** है।
विश्वविद्यालय अभियन्ता

उत्तर पश्चिम रेलवे मुख्य विद्युत अभियंता/परियोजना इकाई
ई-टेण्डर निविदा सूचना : EPC मोड के आधार पर सिंगल स्टेज टू पैकेट सिस्टम
शुद्धि पत्र न.-1
S.NO. 1. निविदा का विवरण : कार्य का नाम व लोकेशन: नॉर्थ वेस्टर्न रेलवे के जयपुर डिवीजन के जयपुर–फुलेरा–मदार सेक्शन में 2x25 KV ट्रैक्शन सिस्टम (स्कॉट कनेक्टेड ट्रांसफॉर्मर) के तहत 220/132/55 KV ट्रैक्शन सबस्टेशन, सेक्शनिंग पोस्ट (Sps) और सब–सेक्शनिंग पोस्ट (SSPs) का डिजाइन, सप्लाई, इरेक्शन, टेस्टिंग और कमीशनिंग। **ई–टेण्डर नोटिस संख्या: EL-PROJ-PSI-JP-EPC-01, द